(b) whether Government propose to in clude the above in the Annual Plans for the years 1992-94; and

(c) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Whereas the low power TV transmitter presently under implementation at Khamgaon is expected to be com-oiissioned into service by the end of the current financial year, those at Akot and Akluj are expected to be commissioned into service during 1993-94

विज्ञापनों पर व्यय की गई राशि

@ 4305. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1991–92 के दौरान सरकार द्वारा विज्ञापनों पर कितनी राशि व्यय की गई और उसका भाषावार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : 1991–92 के दौरान सरकार द्वारा विज्ञापनों पर भाषावार व्यय की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है :

सरकार द्वारा 1991–92 के दौरान विज्ञापनों पर भाषावार व्यय की गई राशि

क्रम संख्या	भाषा	कुल राशि (रुपयों में)
1.	अंग्रेजी	8,82,84,356.00
2.	हिन्दी	6,65,08,844.00
3.	उर्दू	97,78,363.00
4.	पंजाबी	60,73,918.00
5.	मराठी	1,33,88,180.00
6.	गुजराती	80,76,155.00
7.	सिन्धी	5,18,244.00
8.	असमिया	17,68,736.00
9.	बंगला	1,16,72,781.00
10.	उड़िया	34,59,288.00
11.	तमिल	66,73,358.00
12.	तेलगू	28,40,188.00
13.	मलयालम	87,49,789.00
14	कन्नड़	32,46,885.00
15	संस्कृत	27,373.00
16	नेपाली	2,88,020.00
17	मिजो	82,570.00
18	खासी	36,248,00
19	कोंकणी	34,528,00

@पूर्वत : अतारांकित प्रश्न 3394, 16 दिसम्बर, 1992 से स्थानांतरित ।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार

4306. **चौधरी हर मोहन सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत उपक्रमों/संगठनों में भ्रष्टाचार के मामलों की सूचना मिली है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितने अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई और उनमें से कितनों को नौकरी से निकाला गया है ;

(ग) क्या यह सच है कि भ्रष्टाचार तथा कदाचारों के आरोप में केवल स्थानांतरण की सजा दी गई है ; और

(घ) भ्रष्टाचार एवं कदाचारों में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्य-

वाही के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :

(क) जी, हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ग) जिन अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं कदाचार के आरोप सिद्ध हो जाते हैं, उन्हें नियमों के अनुसार दंड दिए जाते हैं, क्योंकि स्थानांतरण संबद्ध अनुशासन एवं अपील नियमों के अंतर्गत कोई दंड नहीं है। अपरिहार्य स्थितियों में स्थानांतरण का आश्रय लिया जाता है।

(घ) सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयासों में अचानक निरीक्षण, संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों एवम् अधिकारियों को समय-समय पर बदलना और दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करना इत्यादि शामिल है।

विवरण

भ्रष्टाचार एवं कदाचार के आरोपों में दोषी पाए गए अधिकारियों के साथ सख्ती से कार्रवाई की गई और निम्नलिखित मामलों में बड़े/मामूली दण्ड दिए गए :

	अवधि	जिन व्यक्तियों को दण्ड दिया गया	जिन्हें सेवा से निकाल दिया गया
(1)	1-4-89 से 31-3-90 तक . .	6	शून्य
(2)	1-4-90 से 31-3-91 तक . .	7	शून्य
(3)	1-4-91 से 31-3-92 तक . .	35	शून्य
	कुल . .	48	

Militants' Influence on Jalandhar, Doordarshan

4307. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 225 given in the Rajya Sabha on the 9th July, 1992 and state:

(a) whether it is a fact that Jalandhar Doordarshan is trying to act in accordance with wishes of the militants and is toeing their line; and

(b) if so, the steps proposed to be taken by the Central Government to (prevent such acts in future?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.